पद : वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी (पर्यावरण और सुरक्षा) **पद कोड : SPO-05**

कुल पद : 01 [एक]

वेतनमान : समेकित शुल्क अनुभव और योग्यता के आधार पर रुपये 75,000 से रुपये 2,40,000/- प्रति माह के बीच तय किया जाएगा।

कार्य विवरण : वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी (पीओ) बाइरैक में i3 कार्यक्रम हेतु कार्यक्रम प्रबंधन इकाई में कार्य करेंगे। मिशन निदेशक-पीएमयू को रिपोर्ट करने वाले अधिकारी को आमतौर पर कार्यक्रम के विभिन्न घटकों से जुड़े व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण संबंधी पहलुओं की पहचान, मूल्यांकन, निगरानी और अनुपालन का मूल्यांकन करने का अवसर प्राप्त होगा।

अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि परियोजना कार्यान्वयन के दौरान विश्व बैंक सुरक्षा और पर्यावरण सुरक्षा सहित कार्यक्रम के घटकों के लिए प्रासंगिक उत्पाद विकास और व्यावसायिक स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं पर्यावरण आवश्यकताओं पर समेकित ड्राफ्ट उपलब्ध है।
यह नियुक्ति 'सेवा हेतु अनुबंध' के अंतर्गत प्रारम्भ में तीन (03) वर्ष या परियोजना के साथ सह-टर्मिनस की अवधि, जो भी पहले हो के रूप में होगी। परियोजना की वर्तमान अवधि जून 2024 तक है। अनुबंध का नवीनीकरण संतोषजनक प्रदर्शन के आधार पर परियोजना के विस्तार या सेवा को जारी रखने की आवश्यकता पर निर्भर करेगा।

मुख्य उत्तरदायित्व :	**आवश्यक योग्यता :**
• राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के अंतर्गत वित्त पोषित प्रस्तावों से जुड़े पर्यावरण एवं स्वास्थ्य जोखिम के मुद्दों का विश्लेषण करना। यह विश्लेषण सामान्य व्यवसाय स्वास्थ्य और सुरक्षा, जैव चिकित्सा अपशिष्ट प्रबंधन, हानिकारक अपशिष्ट, ई-कचरा और बैट्री आदि से संबंधित क्षेत्रों हेतु किया जाएगा। • सुरक्षा और पर्यावरण मूल्यांकन तथा प्रस्ताव के मूल्यांकन हेतु सभी के लिए आवश्यक पर्यावरण संबंधी सभी विनियामक मंजूरी सुनिश्चित करें। • राष्ट्रीय बायोफार्मा मिशन के अंतर्गत अनुदान प्राप्त करने वालों के लिए सभी आवश्यक परियोजना जोखिम प्रबंधन योजना, पर्यावरण और सुरक्षा जोखिम प्रबंधन योजना तथा समझौते तैयार करने हेतु कानूनी एवं पर्यावरण संबंधी विशेषज्ञ के साथ काम करना। • किसी नवीन अथवा वर्तमान में चल रही परियोजनाओं के सभी पर्यावरण और सुरक्षा पहलुओं का समन्वय एवं प्रबंधन करना। • कार्यक्रम अधिकारी को विशिष्ट समस्याओं और मिशन से संबंधित प्रश्नों हेतु उत्साह, विनम्रता और आलोचनात्मक विचार संबंधी व्यवहार का प्रदर्शन। • तकनीकी सलाहकार समूहों, बाइरैक, डीबीटी, पर्यावरण विशेषज्ञों और विश्व बैंक के सदस्यों सहित अनुदान प्राप्तकर्ताओं तथा प्रमुख हितधारकों के साथ काम एवं संवाद करना।	• एमएससी पर्यावरण जैव प्रौद्योगिकी या पर्यावरण इंजीनियरिंग। **वांछनीय योग्यताएं :** • सुरक्षा पहलुओं में डिप्लोमा • पर्यावरण प्रबंधन और सुरक्षा पहलुओं में एक वर्ष का अनुभव **अनुभव :** • 02-04 वर्ष का कार्य अनुभव। पर्यावरण संबंधी कानूनों और नियमों के अच्छे ज्ञान वाले उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी। **आयु सीमा -** आवेदन के समापन की तिथि के अनुसार **35 वर्ष।**